नवभारत
www.navbharatlive.com

# क्विक हील साइबर वॉरियर क्लब की स्थापना

■ पुणे, (सं.) एमआईटी आर्ट्स, कॉमर्स एंड साइंस कॉलेज, आलंदी (दे.) में क्विक हील फाउंडेशन के सहयोग से क्विक हील साइबर वॉरियर क्लब की सफलतापूर्वक स्थापना की गई है. हाल ही में संस्थान ने क्विक हील फाउंडेशन के साथ एक समझौता ज्ञापन (MoU) पर हस्ताक्षर किए हैं, जिसके अंतर्गत इस क्लब की स्थापना की गई है. क्लब का उद्घाटन क्विक हील फाउंडेशन की अध्यक्षा अनुपमा काटकर के हाथों संपन्न हुआ. इस उपक्रम के तहत साइबर शिक्षा के लिए साइबर सुरक्षा अभियान चलाया जाएगा, जिसमें कम्प्यूटर साइंस की पढ़ाई कर रहे छात्र स्वयंसेवक के रूप में कार्य करेंगे. ये साइबर वॉरियर्स स्कूलों में और समाज में साइबर सुरक्षा के बारे में जन जागरूकता फैलाएंगे. छात्रों के माध्यम से प्रस्तुतियां, जनजागरण अभियान तथा ऑनलाइन और ऑफलाइन माध्यमों से प्रचार किया जाएगा. इस क्लब के लिए कम्प्यूटर एप्लिकेशन विभाग के प्रा. अमित ताले को शिक्षक समन्वयक के रूप में नियुक्त किया गया है. इस उपक्रम की सफल कार्यान्वयन के लिए कम्प्यूटर एप्लिकेशन विभाग के प्रमुख डॉ. विकास महांडुळे का विशेष मार्गदर्शन प्राप्त हुआ. उप संचालक प्रा. अक्षदा कुलकर्णी ने इस प्रकल्प का लगातार फॉलो-अप किया और संचालक डॉ. बी. बी. वाफारे का महत्वपूर्ण सहयोग व मार्गदर्शन प्राप्त हुआ.

Pune plus Edition
Jun 16, 2025 Page No. 2
Powered by: navbharatlive.com